No. of Printed Pages : 11 **BECC–131**

# BACHELOR OF ARTS (GENERAL)

# (BAG) (ECONOMICS)

## Term-End Examination

## December, 2024

## BECC–131 : PRINCIPLES OF MICRO ECONOMICS–I

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

---

***Note :*** *(i) Answer questions from each Section as per instructions.*

*(ii)* ***Section A :*** *Answer any* ***two*** *questions from this Section in about* ***500*** *words each.*

*(iii)* ***Section B :*** *Answer any* ***four*** *questions from this Section.*

*(iv)* ***Section C :*** *Distinguish between any* ***three*** *from the following.*

## Section—A

**Note :** Answer any *two* questions from this Section in about **500** words each. 2×20=40

1. (a) Explain the determinants of demand for a consumer. 10

   (b) Find the cross price elasticity of demand. Are the goods substitutes or complements ? 10

| P | Q |
|---|---|
| 80,000 | 5,000 |
| 75,000 | 5,500 |

2. (a) Discuss the implications of price floor with the help of a diagram. 10

   (b) What is price effect ? Show its decomposition of substitution effect and income effect for a normal good. 10

3. (a) What is an Isoquant ? Explain the characteristics of an isoquant. 10

(b) Using isoquant and isocost line, explain the producer's equilibrium when the output is maximum for a given cost. 10

4. (a) Explain the relationship between the Average cost and the Marginal cost. 10

(b) "Long-run average cost curve is the envelope of the short-run total cost curves." Explain with diagram. 10

## Section—B

**Note :** Answer any *four* questions from this Section. 4×12=48

5. What is a Production Possibility Curve ? Explain its characteristics. 12

6. Explain the *three* stages of production in short-run, using law of variable proportions. Why should a rational producer under competitive conditions produce in stage-II ? 12

7. What are the determinants of elasticity of supply ? Explain the different types of elasticity of supply using diagram. 12

8. What are economies and diseconomies of scale ? Explain. 12

9. Explain law of equimarginal utility and law of diminishing marginal utility with the help of a diagram. 12

10. "The average cost curve is U-shaped while the average fixed cost curve is a rectangular hyperbola." Explain with the help of a diagram. 12

## Section—C

11. Distinguish between any *three* of the following pairs : 4×3=12

(i) Economic cost and Accounting cost

(ii) Merit goods and Normal goods

(iii) Cardinal *vs*. Ordinal Utility Approach

(iv) Public *vs*. Private goods

(v) Sunk cost *vs*. Fixed cost

# BECC–131

## कला स्नातक ( सामान्य )

## ( बी.ए.जी. ) ( अर्थशास्त्र )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2024

## बी.ई.सी.सी.–131 : व्यष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धान्त–I

समय : 3 घण्टे अधिकतम अंक : 100

**नोट :** *(i)* *प्रत्येक भाग से निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*(ii)* ***भाग–क :*** *इस भाग से किन्हीं* **दो** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। शब्द–सीमा* ***500*** *प्रत्येक।*

*(iii)* ***भाग–ख :*** *इस भाग से किन्हीं* **चार** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*(iv)* ***भाग–ग :*** *निम्नलिखित में से किन्हीं* ***तीन*** *में भेद स्पष्ट कीजिए।*

## भाग–क

**निर्देश :** *इस भाग से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। शब्द–सीमा **500** प्रत्येक।* *2×20=40*

1. (क) उपभोक्ता की माँग के निर्धारकों की व्याख्या कीजिए। 10

   (ख) माँग की तिर्यक कीमत लोच ज्ञात कीजिए। ये वस्तुएँ प्रतिस्थापक हैं या परिपूरक ? 10

| P | Q |
|---|---|
| 80,000 | 5,000 |
| 75,000 | 5,500 |

2. (क) एक रेखाचित्र की सहायता से न्यूनतम कीमत नियत करने के निहितार्थों पर चर्चा कीजिए। 10

(ख) कीमत प्रभाव क्या होता है ? एक सामान्य वस्तु के लिए इसका प्रतिस्थापन प्रभाव और आय प्रभाव में विभाजन समझाइए। 10

3. (क) एक समोत्पाद वक्र क्या होता है ? इसके अभिलक्षणों की व्याख्या कीजिए। 10

(ख) समोत्पाद वक्र एवं समलागत रेखा का प्रयोग कर उस दशा में उत्पादक के साम्य की व्याख्या कीजिए जब किसी नियत लागत पर उत्पादन अधिकतम हो। 10

4. (क) औसत तथा सीमांत लागत में सम्बन्ध समझाइए। 10

(ख) ''दीर्घकालिक औसत लागत वक्र अल्पकालिक सकल लागत वक्रों का परिवेष्टक होता है।'' चित्र की सहायता से समझाइए। 10

## भाग–ख

**निर्देश :** *इस भाग से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*4×12=48*

5. एक उत्पादन सम्भावना वक्र क्या होता है ? इसकी विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। 12

6. परिवर्ती अनुपातों के नियम का प्रयोग कर अल्पकाल में उत्पादन के **तीन** सोपानों की व्याख्या कीजिए। स्पर्धी दशा में एक तर्कशील उत्पादक को सोपान-II में ही उत्पादन क्यों करना चाहिए ? 12

7. आपूर्ति की लोच के निर्धारक क्या हैं ? एक रेखाचित्र का प्रयोग कर आपूर्ति की लोच के विभिन्न प्रकार समझाइए। 12

8. पैमाने की मितव्ययताएँ और अपव्ययताएँ क्या हैं ? व्याख्या कीजिए। 12

9. समसीमांत उपयोगिता और ह्रासमान सीमांत उपयोगिता के नियम को एक रेखाचित्र द्वारा समझाइए। 12

10. ''औसत लागत वक्र U-आकार की और औसत स्थिर लागत वक्र आयतीय अतिपरिवलय आकार की होती है।'' एक रेखाचित्र द्वारा समझाइए। 12

## भाग–ग

11. निम्नलिखित युग्मों में से किन्हीं **तीन** में भेद स्पष्ट कीजिए : 4×3=12

(i) आर्थिक लागत और लेखांकन लागत

(ii) विशेष गुण वस्तुएँ और सामान्य वस्तुएँ

(iii) गणनात्मक *बनाम* क्रमवाचक उपयोगिता विधि

(iv) सार्वजनिक *बनाम* निजी वस्तुएँ

(v) निमग्न लागत *बनाम* स्थिर लागत

× × × × × × ×